दोस्तो, आप अभी इस किताब का अठारहवाँ पाठ ख़त्म कर रहे हैं - आपने बहुत मेहनत से काम किया है। रास्ता कुछ लंबा था; आपके साथ चलना मुझे बहुत अच्छा लगा। मुझे आशा है कि भविष्य में आपकी हिन्दी की पढ़ाई जारी रहेगी। यह किताब तो ख़त्म हो रही है. लेकिन पढ़ाई के रास्ते का कोई अंत नहीं है। आपके मन में यह प्रश्न उठ सकता है कि आगे कैसे पढ़ना चाहिए? मेरा पहला सुझाव यह है कि आप एकाध अच्छे-से शब्दकोश ज़रूर ख़रीद लें, जिससे कि किताबों और अख़बारों को पढ़ना थोड़ा आसान हो जाएगा। आर० एस० मैकग्रेगर (RS McGregor) की "Hindi-English Dictionary", जो आक्सफ़ई युनिवर्सिटी प्रेस से प्रकाशित हुई है, बहुत ही अच्छी है; यह शब्दकोश आक्सफ़र्ड से भी छपा है और दिल्ली से भी, इसलिए आसानी से मिलना चाहिए।

1- Metinde geçen gramer kuralların analizini yaparak Türkçeye çevirmek.